दिनांक 22.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

महापौर देवेन्द्र यादव का चौपाल शीतला तालाब वार्ड में

भिलाईनगर/ आज महापौर देवेन्द्र यादव रोज की तरह शीतला तालाब वार्ड 6 में चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं से अवगत हुए। चौपाल के दौरान महिलाएं, पुरुष एकत्रित होकर बारी–बारी से अपनी समस्या बताई सिके त्वरित निराकरण के लिए जोन आयुक्त संजय बागड़े निर्देशित किये। ज्यादातर आवेदन स्मार्ट कार्ड, राशनकार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, अवैध कब्जा, पानी की समस्या, भैंस खटाल, तालाब सौन्दर्यी व गहरीकरण, आंगनबाड़ी, नाली रोड सफाई से संबंधित था।

महापौर देवेन्द्र यादव पानी की समस्या के निराकरण के लिए आदर्श नगर में समरर्सिबल लगाकर तुरंत निराकरण करने को कहा। सुलभ शौचालय में केयर टेकर की व्यवस्था करने और सफाई का समुचित प्रबंध करने को कहा साथ ही महापौर निधि से शीतलाधाम मंदिर में वाटर कुलर लगाने, मकानों से सटकर जा रहे हाई टेंशन तार को हटाने के लिए छ0ग0 इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड को पत्र लिखने को कहा।

चौपाल के दौरान जोन आयुक्त संजय बागड़े, अभियंता सुनील दुबे, उपअभियंता कनिका, सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक धर्मेन्द्र मिश्रा, उद्यान अधिकारी पी.सी. सार्वा, रामायण सिंह, चन्द्र मिश्रा, राजेश शर्मा, वार्ड के प्रबुद्ध नागरिक चन्द्रशेखर गंवई, केशव चौबे, राधाकांत मिश्रा, बबलू ताम्रकर, लालचंद वर्मा, सुखमती, संध्या देवी, रेणू पटवा, आदि उपस्थित रहें।

जन सम्पर्क विभाग